# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,

खण्ड कार्यालय उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण), सोनभद्र–231216

E-Mail Id-eecdjnsonebhadra@gmail.com CUG Mobile No.- +91 9473941817


पत्रांक 910 / W-16 / 91 दिनांक– 19-05-2026

सेवा में,

जिलाधिकारी,
सोनभद्र।

विषयः– **दैनिक समाचार पत्र हिन्दुस्तान में दिनांक 18 मई 2026 को प्रकाशित शीर्षक "90 फीसदी गांवों में पानी का कनेक्शन, टैंकर से हो रही जलापूर्ति" की आख्या प्रेषण के सम्बन्ध में।**

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक दैनिक समाचार पत्र हिन्दुस्तान में दिनांक 18 मई 2026 को प्रकाशित शीर्षक **"90 फीसदी गांवों में पानी का कनेक्शन, टैंकर से हो रही जलापूर्ति"** के सम्बन्ध में आख्या निम्नानुसार है–

उक्त के संदर्भ में सादर अवगत कराना है कि जनपद सोनभद्र के विकास खण्ड म्योपुर, बभनी एवं दुद्धी में जल जीवन मिशन "हर घर जल" योजनान्तर्गत झीलो बीजपुर ग्राम सूमह पाइप पेयजल योजना का निर्माण कार्य मेंसर्स जी0वी0पी0आर0 लि0 द्वारा कराया जा रहा है। योजना में प्रस्तावित 171 ग्रामों में पाइप लाइन के माध्यम से जलापूर्ति किया जाना प्रस्तावित है। योजनान्तर्गत प्रस्तावित ग्रामों में पाइप लाइन एवं गृह संयोजनों के लगभग कार्य पूर्ण करा लिये गये है एवं पाइप लाइन टेस्टिंग, गैप्स क्लोजिंग आदि के कार्य कराये जा रहे है। प्रस्तावित ग्रामों के सापेक्ष फर्म द्वारा 136 ग्रामों में जलापूर्ति की जा रही थी, परन्तु गत दिनों आंधी तूफान आने के कारण विद्युत पोल एवं तार क्षतिग्रस्त हो जाने के कारण जलापूर्ति बाधित हो गयी है। क्षतिग्रस्त विद्युत पोल एवं तारों का मरम्मत कार्य कराया जा रहा है तथा वर्तमान में योजनान्तर्गत 73 ग्रामों में जलापूर्ति प्रारम्भ कराई गयी है। योजना के 12 ग्रामों के 24 बस्तियां छिट–पुट एवं अधिक ऊँचाई पर होने के कारण योजना से आच्छादित किया जाना सम्भव नही हो पा रहा है। उक्त ग्रामों की बस्तियों में वैकल्पिक व्यवस्था के अन्तर्गत पेयजल पहुंचाने हेतु प्रस्ताव शासन को प्रेषित कर दिया गया है। उक्त के सम्बन्ध में शासन स्तर से मार्ग दर्शन प्राप्त होने पर कार्य कराकर जलापूर्ति की जायेगी। योजनान्तर्गत जिन ग्रामों में शतप्रतिशत पाइप लाइन एवं गृह संयोजन का कार्य करा दिया गया है उन्ही ग्रामों का हर घर जल प्रमाणिकरण कार्य ग्राम पंचायत स्तर पर बैठक कार्य कराकर कराया जाता है। योजना के शेष कार्य प्रगति पर है, जिनको माह अगस्त 2026 तक पूर्ण कर योजना से आच्छादित शतप्रतिशत ग्रामों में जलापूर्ति किया जाना सम्भावित है।

जनपद सोनभद्र में पेयजल संकट के निवारण हेतु जिला पंचायत राज अधिकारी एवं विकास खण्ड स्तर पर वार्ता कर पेयजल संकट ग्रस्त ग्रामो में टैंकर के माध्यम से पेयजलापूर्ति किये जाने हेतु योजना तैयार की गयी है। गर्मी के दिनों में पेयजल से सम्बन्धित शिकायतों के निस्तारण हेतु खण्ड स्तर पर कन्ट्रोल रूम स्थापित किया गया है, जिसमें मो0नं0– 9555407375 व 6392808813 पर शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। कृपया उक्त प्रकरण को निक्षेपित कराने की कृपा करें।

सादर सूचनार्थ प्रेषित।

संलग्नकः– फोटोग्राफ्स

भवदीय,
(अनिल कुमार)
अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0 एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
2. मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
3. अपर जिलाधिकारी, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति, सोनभद्र।
4. जिला पंचायत राज अधिकारी, सोनभद्र।
5. सम्बन्धित सहायक अभियन्ता/जूनियर इंजीनियर।
6. सम्बन्धित परियोजना प्रबन्धक, जल जीवन मिशन, सोनभद्र।

अधिशासी अभियन्ता

हिन्दुस्तान

ई-पेपर कॉइन

# 90 फीसदी गांवों में पानी का कनेक्शन, टैंकर से हो रही आपूर्ति

May 18, 2026 05:46 pm IST
**Newswrap** | हिन्दुस्तान, सोनभद्र

Preferred

Sonbhadra News - म्योरपुर में एनटीपीसी और अन्य उद्योगों से 12,000 मेगावाट बिजली उत्पादन के बावजूद, भीषण गर्मी में पानी की आपूर्ति बाधित हो रही है। 54 गांवों में 90% कनेक्शन होते हुए भी लोग पानी के लिए परेशान हैं। पंचायतों को टैंकर से पानी की आपूर्ति करनी पड़ रही है। सोमवार से पानी की आपूर्ति को सुचारू करने की कोशिश की जा रही है।

Story continues below advertisement



कहना है कि मौसम की खराबी और आंधी से बिजली आपूर्ति ना होने से पानी सप्लाई बाधित हुई थी, लेकिन सोमवार से पानी आपूर्ति सुचारू रूप से चालू करा दिया गया है, प्रबंधक ने भी माना कि पानी आपूर्ति में बिजली बाधा बन जाती है।

Story continues below advertisement






अन्यथा सभी गांवों में पानी की आपूर्ति सुचारू रूप से दिया जा रहा है। एडीओ पंचायत अजय कुमार सिंह ने बताया कि सोमवार को कंपनी के अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ बैठक कर पानी आपूर्ति को लेकर मंत्रणा की गई और हिदायत दी गई कि सभी को हर हाल में पानी की व्यवस्था की जाए। श्री सिंह ने बताया कि ब्लॉक में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। साथ ही सेकेट्री,पंचायत सहायक, रोजगार सेवक व ग्राम प्रधानों से पानी आपूर्ति का अपडेट मांगा गया है और इसी के साथ उन्हें निगरानी की जिम्मेदारी भी सौंपी गयी है।

Story continues below advertisement



लेखक के बारे में
**Hindustan**
हिन्दुस्तान भारत का प्रतिष्ठित समाचार पत्र है। इस पेज पर आप उन खबरों को पढ़ रहे हैं, जिनकी रिपोर्टिंग अखबार के रिपोर्टरों ने की है। ...और पढ़ें

Sonbhadra Latest News Sonbhadra N

लेटेस्ट Hindi News, बॉलीवुड न्यूज, बिजनेस न्यूज, टेक, ऑटो, करियर, और राशिफल, पढ़ने के लिए Live Hindustan App डाउनलोड करें।

YOU MAY LIKE BY TABOOLA